

पाठ-बोध

1. **प्रश्नों के उत्तर दें—**

- **मौखिक** *(Oral)*

  i) अकबर के दरबार में गुड़ियाँ लेकर एक कलाकार आया।

  ii) दरबारियों को तीनों गुड़ियाँ बिलकुल एक जैसी लग रही थीं।

  iii) तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी थी।

  iv) सबसे अच्छी गुड़िया की पहचान बीरबल ने की।

- **लिखित** *(Written)*

  i) कलाकार सबसे अच्छी गुड़िया चुननेवाले को गुड़ियाँ देना चाहता था।

  ii) बीरबल ने गुड़ियों के कान में फूँक मारकर अंतर पता किया।

Scanned with CamScanner

iii) दूसरी गुड़िया उन लोगों जैसी थी जो हर सुनी हुई बात दूसरों को बता देते हैं।

iv) तीसरी गुड़िया ~~सबसे अच्छी थी क्योंकि वह~~ उन लोगों जैसी थी जो दूसरों की गुप्त बातें ~~अपने तक ही रखते हैं,~~ किसी को नहीं बताते। इसलिए तीसरी गुड़ियाँ सबसे अच्छी थी।

2. **किसने, किससे कहा—**

	किसने	किससे कहा
i) "ये गुड़ियाँ मैं उसे ही दूँगा जो इनमें से सबसे अच्छी गुड़िया चुनकर बताएगा।"	....कलाकार ने....	....अकबर से....
ii) "यह तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी है।"	....बीरबल ने....	....अकबर से....
iii) "बीरबल ने एकदम सही पहचाना।"	....कलाकार ने....	....अकबर से....
iv) "तुम्हारा कोई जवाब नहीं।"	....अकबर ने....	....बीरबल से....

व्याकरण-बोध

1. **समानार्थी शब्द लिखें—**

प्रयास — ....कोशिश.... | तोहफ़ा — ....उपहार.... | मुँह — ....मुख....

हाथ — ....हस्त.... | हवा — ....वायु.... | आदमी — ....व्यक्ति....

2. **इन संयुक्त व्यंजनों के दो-दो शब्द लिखें—**

क्त	— व्यक्ति	....वक्त....	....वक्ता....
श्व	— विश्वसनीय	....विश्व....	....विश्वास....
प्त	— गुप्त	....गुप्तचर....	....सुप्त....
च्च	— उच्च	....सच्चा....	....बच्चा....

3. **की, के या कि लिखकर वाक्य पूरे करें—**

i) अकबर ....के.... दरबार में एक कलाकार आया।

ii) अकबर ने अपने दरबारियों ....की.... ओर देखा।

iii) सब हैरान थे ....कि.... बीरबल ने यह कैसे पता लगाया!

iv) इस गुड़िया ....के.... दूसरे कान से हवा निकल गई।

v) विद्वानों ने कहा है ....कि.... प्रतिभा कवच के समान होती है।

4. **खाली स्थान में 'है' अथवा 'हैं' शब्द का सही प्रयोग करें—**

i) ये गुड़ियाँ तो हूबहू एक जैसी ....हैं....।

ii) मुझे विश्वास ....है.... कि तुम सफल होगे।

iii) सच्चे लोग श्रेष्ठ होते ....हैं....।

iv) तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी ....है....।

5. **इन शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें—**

गुड़िया — ...ग्... + ...उ... + ...ड़्... + ...इ... + ...य्... + ...आ...

कलाकार — ...क्... + ...अ... + ...ल्... + ...आ... + ...क्... + ...आ... + ...र्... + ...अ...

अकबर — ...अ... + ...क्... + ...अ... + ...ब्... + ...अ... + ...र्... + ...अ...

तीसरी — ...त्... + ...ई... + ...स्... + ...अ... + ...र्... + ...ई...

बीरबल — ...ब्... + ...ई... + ...र्... + ...अ... + ...ब्... + ...अ... + ...ल्... + ...अ...

Scanned with CamScanner